हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025


तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 18.2 डिग्री


10 भक्त, भक्ति और भगवान के बीच गहरा संबंधः महाराज





12 स्लम एरिया में बांटी शिक्षण सामग्री




## खबर संक्षेप

### युवकों ने दो दोस्तों को पीटकर किया घायल

**यमुनानगर।** शहर के जिंदल पार्क में घुमने गए दो दोस्तों पर करीब डेढ़ दर्जन युवकों ने डंडो व अन्य हथियारों से हमला करके घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में दो युवकों को नामजद करते हुए करीब डेढ़ दर्जन अन्य के खिलाफ मारपीट के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी। जानकारी के मुताबिक शहर की ग्रीन पार्क निवासी मानिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शाम को सात बजे के करीब वह अपने दोस्त दलजीत के साथ जिंदल पार्क में घूमने गया हुआ था। कुछ देर पार्क में घूमने के बाद जब वह घर लौटने लगे तो उनका अर्जुन व साहिल नामक युवकों के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। आरोप है कि उक्त दोनों युवकों ने अपने करीब डेढ़ दर्जन अन्य साथियों के साथ उन पर डंडो व अन्य हथियारों से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गए। शोर सूनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग खड़े हुए। उन्होंने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में उक्त दोनों आरोपी युवकों को नामजद करते हुए उनके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### रिफाइनरी टाउनशिप में काव्य गोष्ठी हुई

पानीपत। रिफाइनरी टाउनशिप में विहान ऑफिसर्स क्लब और हिंदी विभाग संयुक्त तत्वावधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। वहीं गोष्ठी में कविगण नरेश लाभ, सत्यवान कोहंड, कमलेश पालीवाल कमल, अनुपिंदर सिंह अनूप, मनु बदायूंनी, अशोक मलंग, दिलबाग अकेला, सत्यवान कोहंड, राजेश कुमार, राजकुमार, ओमबीर जांगड़ा, कमलेश पालीवाल, अरुण कुमार, अनुपिंदर सिंह अनूप, मनु बदायूंनी, नरेश लाभ, राजेश कुशवाह,मनोज नांदल और सुधीर कुमार काव्यपाठ किया।

### प्रेम विवाह करने वाली युवती लापता

इसराना। पानीपत के गांव सींक निवासी 25 वर्षीय युवती संदिग्ध हालात में रविवार की शाम को लापता हो गई। युवती ने गत दिनों ही एक युवक से प्रेम विवाह किया था। फिलहाल वह अपने पिता के घर आई हुई थी। परिजनों ने युवती की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इधर, थाना मतलौडा पुलिस ने युवती की गुमशुदगी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### नशा तस्कर हिमाचल से गिरफ्तार किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की सीआईए वन की टीम ने 1 किलो 400 ग्राम चरस तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर रोहित उर्फ रवि निवासी टरवाई मंडी हिमाचल प्रदेश को कुल्लू के भूंतर से गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि उनकी टीम ने नशा तस्करी के आरोप में जगदीश निवासी टीकरी, पूर्णचंद उर्फ पंक्कू निवासी नाडी, भूपेंद्र निवासी चवाड़ी व गनदीप उर्फ गगन निवासी बटानंद मंडी हिमाचल प्रदेश को पकडा था। इन चोरों के 1.400 किलोग्राम चरस रोहित उर्फ रवि ने ही बेचती थी।

### नागर ने किया अनाज मंडियों का दौरा

**करनाल।** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के राज्य मंत्री राजेश नागर ने आज घरौंडा और स्थानीय अनाज मंडी का दौरा किया। किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में गेहूं की ढेरियों का निरीक्षण किया। उन्होंने उठान और भुगतान व्यवस्था पर संतोष जताया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि इससे पहले उन्होंने लाडवा, इंद्री अनाज मंडी का भी दौरा किया। किसानों और आढ़तियों से भी बातचीत की। कहीं से कोई शिकायत नहीं मिली।

---

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैल में आयोजित विकसित भारत विकसित हरियाणा समारोह को किया संबोधित

*दीनबंधु छोटू राम थर्मल प्लांट की आठ सौ मेगावाट की तीसरी सुपर क्रिटिकल यूनिट का शिलान्यास*

# हरियाणा की घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़कर होगी 3.382 मेगावाटः प्रधानमंत्री

विकसित हरियाणा हमारा संकल्प, इस संकल्प की सिद्धि के लिए सरकार ज्यादा स्पीड से काम करेगी



- अम्बेडकर की जयंती पर नमन किया
- एमएसपी पर 24 फसलें खरीद रही सरकार



**यमुनानगर।** कैल गांव में आयोजित समारोह में बाबा साहेब अम्बेडकर को पुष्प अर्पित कर नमन करते प्रधानमंत्री और प्रधानमंत्री को पगड़ी पहनाकर स्वागत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हरियाणा की घरेलू उर्जा उत्पादन क्षमता बढ़कर 3.382 मेगावाट यूनिट होगी। उन्होंने सोमवार को भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर यमुनानगर के कैल गांव में आयोजित विकसित भारत विकसित हरियाणा समारोह में दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट यमुनानगर में लगभग 8469 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 800 मेगावाट की तीसरी इकाई का शिलान्यास करते हुए उक्त बात कही। इस दौरान उन्होंने 90 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाले गोबर धन संयंत्र का शिलान्यास और लगभग 1069 करोड़ रुपये से निर्मित रेवाड़ी बाईपास का भी उद्घाटन किया। मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने मौके पर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित हरियाणा हमारा संकल्प है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए हरियाणा के लोगों की सेवा के लिए और यहां के युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए सरकार ज्यादा स्पीड से और ज्यादा बड़े स्केल पर काम करेगी। गरीब, किसान, नौजवान और नारी शक्ति इन चारों स्तंभों को सशक्त करने के लिए डबल इंजन सरकार निरंतर काम कर रही है। हम सभी के प्रयासों से हरियाणा जरूर विकसित होगा। उन्होंने हरियाणा के भाई बहनों को राम-राम कहते हुए मां सरस्वती के उदगम स्थल, पंचमुखी हनुमान और कपाल मोचन की धरा को प्रणाम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का विजन, उनकी प्रेरणा निरंतर विकसित भारत की यात्रा में हमें दिशा दिखा रही है।

#### डबल इंजन सरकार किसानों के दुख.सुख की साथी

भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों के दुख.सुख की सबसे बड़ी साथी है। हमारा प्रयास है कि हरियाणा के किसानों का सामर्थ्य बढ़े। हरियाणा की सरकार अब राज्य की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। हरियाणा के लाखों किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के सार्थक प्रयासों के कारण ही किसानों और पशुपालकों को आय के नए साधन मिल रहे हैं।

#### गोबर धन संयंत्र का शिलान्यास

गोबर धन योजना में गोबर से और खेती के अवशेष से, दूसरे जैविक कचरे से बायोगैस बनाई जा रही है। इस वर्ष के बजट में देशभर में 500 गोबर धन प्लांट बनाने का लक्ष्य रखा है। यमुनानगर में भी आज नए गोबर धन प्लांट की आधारशिला रखी गई है। इससे नगर निगम के भी हर साल 3 करोड़ रुपये बचेंगे। गोबर धन योजना स्वच्छ भारत अभियान में भी मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में जनता से विश्वास घात हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हिमाचल में जनता कितनी परेशान है। विकास के जनकल्याण के सारे कम ठप पड़े हैं। कर्नाटक में तो बिजली से लेकर दूध तक हर चीज महंगी हो रही है। सोशल मीडिया पर देखते हैं कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने महंगाई बढ़ाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के सामने दो मॉडल है। एक तरफ कांग्रेस का मॉडल है जो पूरी तरह झूठ है। दूसरा मॉडल बीजेपी का है जो सत्य के आधार पर चल रहा है। बाबा साहेब अम्बेडकर की दी हुई दिशा पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि औद्योगिकीकरण और मैन्युफैक्चरिंग के तालमेल को दीनबंधु चौधरी छोटू राम ने भी गांव की समृद्धि का आधार माना था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के बजट में केंद्र सरकार ने मिशन मैन्युफैक्चरिंग की घोषणा की है ताकि दलित, पिछड़े, शोषित, वंचित नौजवानों को ज्यादा रोजगार मिले। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज दीनबंधु सर छोटू राम थर्मल प्लांट की तीसरी इकाई का काम शुरू हुआ है। इसका फायदा यमुनानगर को होगा।

#### जलियांवाला कांड में केरल के शंकरण उत्तम उदाहरण

प्रधानमंत्री ने कहा कि 13 अप्रैल को जलियांवाला बाग हत्याकांड को 106 वर्ष पूरे हुए। इस हत्याकांड का एक पहलू भी है जिसे पूरी तरह अंधेरे में डाल दिया गया। यह पहलू मानवता के साथ देश के साथ खड़े होने का है। केरल के शंकरण नायर 100 साल पहले अंग्रेजी सरकार में बहुत बड़े पद पर विराजमान थे। लेकिन उन्होंने जलियांवाला बाग की घटना पर विदेशी शासन की क्रूरता के विरुद्ध अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने अपने पद को छोड़ दिया। वे अपने दम पर लड़े और अंग्रेजी साम्राज्य को हिला कर रख दिया।

---

## तीसरे लिंग के छात्रों को मुख्यधारा में लाने के लिए भूमिका निभाएं शिक्षक

- जेंडर सेंसटिविटी इन स्कूल विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**अंबाला।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

डीएवी स्कूल बराड़ा में सीबीएसई के दिशा-निर्देशों पर जेंडर सेंसटिविटी इन स्कूल विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आर्मी पब्लिक स्कूल अंबाला कैंट के प्रिंसिपल डॉ. परमजीत सिंह व अनिल नायर प्रिंसिपल, अरबिंदो इंटरनेशनल स्कूल ने शिक्षकों को जेंडर समानता और समावेशी शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। डॉ. सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्कूलों में लैंगिक पक्षपात रहित माहौल बनाना आज की जरूरत है।

लड़के-लड़कियों और तृतीय लिंग के छात्रों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए शिक्षकों की भूमिका अहम है। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने बताया कि शिक्षकों को केवल पाठ्यपुस्तकीय ज्ञान नहीं बल्कि बच्चों की मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक जरूरतों को भी पूरा करना चाहिए। उन्होंने इस दौरान सीबीएसई और नई शिक्षा नीति(एनईपी) के तहत नियमित प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस कार्यशाला में डीएवी बराड़ा, विश्वकर्मा स्कूल सोहना और ब्लू बैल्स स्कूल नारायणगढ़ के शिक्षकों ने भाग लिया। प्राचार्या ने वक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर और सांसद जिन्दल ने की विकसित हरियाणा पर विस्तृत चर्चा

- नोएडा से यमुनानगर तक की संयुक्त यात्रा के दौरान दोनों में गहन मंत्रणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



यमुनानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में शामिल होने के लिए नोएडा से यमुनानगर तक की संयुक्त यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल के बीच हरियाणा के समग्र विकास पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस यात्रा के दौरान दोनों नेताओं ने हरियाणा को 'विकसित भारत' की भावना के अनुरूप एक अग्रणी राज्य बनाने हेतु संभावित योजनाओं पर चर्चा की। विशेष रूप से ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों से संबंधित विषयों पर गंभीर मंथन किया गया, साथ ही राज्य में नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, सतत विकास, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं और हरित ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यमुनानगर की रैली केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि 'विकसित हरियाणा' के रोडमैप को जनता के सामने रखने का अवसर है। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की लहर चल रही है और आने वाले समय में देश विकसित भारत के सपने को पूरा करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर थर्मल प्लांट की तीसरी यूनिट प्रदेश के लिए एक बहुत बड़ी सौगात है, और यह सौगात हम सबको विकसित भारत की यात्रा को आगे बढ़ाने की, एक नई जिम्मेदारी भी देती है।

???

सांसद नवीन जिन्दल के मीडिया सलाहकार डॉ. राज कुमार ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को 2030 तक विकसित संसदीय क्षेत्र बनाने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए संसदीय क्षेत्र में अपने स्तर पर अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। कुरुक्षेत्र क्षेत्र की जनता, नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित हो रही है।

## नाबालिग लड़की को अगवा करने में आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर घर से अगवा करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान पुलिस ने लड़की को भी बरामद कर लिया है।

जांच अधिकारी राजीव पाल ने बताया कि गत दिनों क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उनके पड़ौस में रहने वाला लड़का प्रिंस उसकी 16 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर कहीं अगवा करके ले गया है। पुलिस ने तलाश शुरु की। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर लड़की को बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी प्रिंस को अदालत में पेश कर मामले में जांच शुरु कर दी।

## कुवि ने घोषित किए 15 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 15 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एम.ए. (अंग्रेजी) प्रथम सेमेस्टर (एनईपी), एमएससी. बायो-टेक 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स 5वां सेमेस्टर, बी.एससी. (खेल) प्रथम सेमेस्टर (पुनः परीक्षा), बीएससी. (शारीरिक शिक्षा) गैर-एनईपी (खेल) तीसरा सेमेस्टर (रिअपीयर), बी.एड (विशेष शिक्षा) (एच.आई.) तीसरा सेमेस्टर (ताजा), बी.एससी. (मल्टीमीडिया) 5वां सेमेस्टर सीबीसीएस, बी.एससी. (मल्टी मीडिया) 5वां सेमेस्टर गैर-सीबीसीएस, एम.ए. (सार्वजनिक प्रशासन) तीसरा सेमेस्टर सीबीसीएस (रीफ्रेश), बी.एससी. (मल्टी मीडिया) प्रथम सेमेस्टर (पुनः परीक्षा) गैर-सीबीसीएस, एम.ए. (पब प्रशासन) प्रथम सेमेस्टर (रे) सीबीसीएस,. बीएससी. (मल्टीमीडिया) तीसरा सेमेस्टर (रिअपीयर), सीबीसीएस, बीबीए एलएलबी (ऑनर्स) पांचवां सेमेस्टर व शास्त्री तीसरा सेमेस्टर (एनईपी) परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि मई 2024 में आयोजित डिप्लोमा इन वोकेशनल (इंटीरियर डिजाइन) द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) व मई 2023 में बी.ए. (पत्रकारिता) दूसरा सेमेस्टर (एनईपी) कक्षाओं परिणाम घोषित किए गए हैं।

## मौसम और मजदूर न मिलने से गेहूं मशीन से कटवा रहे किसान



**यमुनानगर।** मजदूरों के अभाव में कंबाइन से गेहूं कटवाते किसान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम में हो रहे आए दिन बदलाव के चलते व मजदूरों के नहीं मिलने से किसानों ने खेतों से गेहूं की फसल को कंबाइन से कटवाकर समेटना शुरु कर दिया है। किसानों को डर है कि कहीं मौसम ज्यादा खराब होने से उनकी खेतों में पकी खड़ी गेहूं की फसल को नुक्सान ना हो जाए।

किसान राजपाल सिंह, मांगा राम, दिलीप कुमार, रोशन लाल व सतीश आदि का कहना है कि खेतों में अगेती व पछेती दोनों किस्म की गेहूं की फसल पक चुकी है। मगर उन्हें खेतों से गेहूं की कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं। इसका कारण यह है कि पिछले कई सालों से जरुरतमंदो को मुफ्त में सरकार की ओर से राशन मिल रहा है। इसके अलावा प्राइवेट फैक्ट्रियों में गेहूं कटाई से ज्यादा मजदूरी मिल रही है। इन कारणों से गेहूं की कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं। वहीं, पिछले कई दिन से बार बार मौसम के तेवर बदलने से भी किसान अपनी गेहूं की फसल को जल्द समेटने के लिए कंबाइन का सहारा ले रहे हैं। किसानों को चिंता है कि यदि खेतों में पकी खड़ी गेहूं की फसल पर मौसम की बेरूखी हो गई तो उनकी मेहनत की कमाई नष्ट हो सकती है। जिसकी वजह से किसान आनन-फानन में गेहूं की फसल को खेतों से जल्द समेटने के लिए कंबाइन व रैपर वाइंडर का सहारा लेने पर मजबूर हो गए हैं।

#### सूखे चारे का होगा संकट

किसान बलबीर सिंह, श्योराम, रविंद्र सिंह व सुखपाल आदि का कहना है कि कंबाइन के कटवाने से उन्हें इस बार पशुओं के लिए सूखे चारे के संकट से गुजरना पड़ेगा। क्योंकि कंबाइन से गेहूं का भूसा न बनने से वह अब पशुओं के लिए कूप आदि नहीं बना सकेंगे।

---

### जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में विवाह का कोई मुहूर्त नहीं

# खर मास समाप्त, अब खूब गूंजेगी शहनाइयां

- वैशाख माह 13 अप्रैल से शुरू बाजारों में चहल-पहल बढ़ रही

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। पंडित रामराज कौशिक।

स्वच्छ वैशाख मास के शुरू होते ही विवाह का इंतजार कर रहे युवक-युवतियों और अभिभावकों के लिए अच्छी खबर है कि अगले 3 महीने विवाह के खूब मुहूर्त हैं। पंचांग के अनुसार, वैशाख माह 13 अप्रैल से शुरू हो गया है और फिर अगले महीने यानी 12 मई तक चलेगा। वैशाख हिंदू कैलेंडर के मुताबिक दूसरा महीना होता है। इस वैशाख माह में शादी के लिए 14, 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29, 30 अप्रैल से लेकर 1, 5, 6, 8 और 10 मई की तारीखें शुभ मानी जा रही हैं।

खरमास समाप्ति के बाद जिनके घर शादी है, वे तैयारियों में जुट गये हैं। लग्न का मौसम शुरू होगा, तो शादी करने वालों के इंतजार की घड़ियां भी खत्म होंगी। बैंड-बाजे बजेंगे और शहनाइयां गूजेंगी। इसे लेकर शादी वाले घरों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इससे शादी समारोह से जुड़े अन्य व्यवसाय के लोग भी खुश नजर आ रहे हैं। सामियाना, बैंड, बाजे, फूल और दूध का कारोबार करने वाले लोगों की भी उम्मीदें बढ़ गयी हैं। इस लग्न के लिए सजी कपड़ा दुकानदारों को शादी-विवाह के कारण कपड़े बिकने की उम्मीद है। इस साल शादी-विवाह के 75 लग्न हैं।

बाजार में चहल-पहल बढ़ी

इस कारण बाजार में अभी से चहल-पहल बढ़ गई है। यानि वर्ष 2025 में 75 दिन शहनाई बजेगी। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र कुरुक्षेत्र के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि वर्ष 2025 में सबसे ज्यादा विवाह मुहूर्त मई माह में हैं। इस माह में 16 दिन विवाह के लिए हैं। जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में विवाह का कोई मुहूर्त नहीं है। इन माह में भगवान विष्णु शयन में चले जाएंगे, जबकि नवंबर में 13 और दिसंबर में तीन दिन विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। लोगों में शुभ मुहूर्त को लेकर उत्साह है।

#### देवशयनी एकादशी से मांगलिक कार्यों पर रोक

देवशयनी एकादशी को भगवान विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं. इस वजह से 4 माह तक कोई शुभ कार्य नहीं होते हैं। विवाह, गृह प्रवेश, सगाई, उपनयन संस्कार आदि पर रोक लग जाएगी। इस तिथि से देवता 4 माह के लिए सो जाते हैं। इस दिन से सृष्टि के संचालन का कार्य भगवान शिव के हाथों में आ जाता है, वे पालनकर्ता और संहारक दोनों की भूमिका में होते हैं। देवशयनी एकादशी से चातुर्मास लग जाता है। आषाढ़ शुक्ल एकादशी तिथि 5 जुलाई को शाम 6 बजकर 58 मिनट पर शुरू होगी। इस तिथि का समापन 6 जुलाई को रात 9 बजकर 14 मिनट पर होगा। देवशयनी एकादशी 6 जुलाई रविवार को है।

#### मई में सबसे अधिक मुहूर्त

अप्रैल में 14, 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29 और 30 अप्रैल, मई में 1, 5, 6, 8, 10, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27 व 28 मई, जून में 2, 4, 5, 7 और 8 जून, (10 जून से 7 जुलाई तक गुरु अस्त )नवंबर में 2, 3, 6, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25 और 30 नवंबर व दिसंबर में 4, 5 और 6 दिसंबर को शहनाई बजेगी।

खबर संक्षेप



यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित एक्सटेंशन लेक्चर में संबोधित करते हुए वक्ता।

### डीएवी कॉलेज में एक्सटेंशन लेक्चर का हुआ आयोजन

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर के नेहरू स्टडी सेंटर की ओर से रिविजिटिंग नेहरू विषय पर एक्सटेंशन सोमवार को लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला स्थित सेंटर फार कश्मीर स्टडीज के डायरेक्टर प्रोफेसर मलकीत सिंह मुख्य वक्ता रहे। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर व नेहरू स्टडी सेंटर कनवीनर डॉ. मोनिका शर्मा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्य वक्ता डॉ. मलकीत सिंह ने छात्राओं को पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के जीवन और उनके विचारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को नेहरू जी के योगदान और उनके विचारों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि गांधी जी के नेतृत्व में नेहरू जी ने असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन और भारत छोडो में बढ़चढ़ कर भाग लिया।



### भारत माटिया बने एसो. रादौर के प्रधान

**रादौर।** महाराणा प्रताप पार्क वेलफेयर एसोसिएशन रादौर का कस्बा के नवदुर्गा दुख भंजन मंदिर हाल में चौथा स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया और नपा रादौर के नवनिर्वाचित चेयरमैन और पार्षदों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल सिंह राणा ने भाग लिया।

एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य डॉ. एससी सैनी ने बताया कि महाराणा प्रताप पार्क वेलफेयर एसोसिएशन रादौर की कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें भारत माटिया को एसोसिएशन का प्रधान, सेवानिवृत्त डीएसपी रमेश वर्मा को सचिव, डॉ. एससी सैनी को संरक्षक व मोहनलाल अरोड़ा को लगातार चौथी बार कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जबकि जसवंत सिंह बंचल, मूलराज, विनोद पुजारा, राजीव आर्य सन्नी, निर्मल सिंह,ब्रह्मप्रकाश टंडन को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कैल रैली में किया दावा

# प्रधानमंत्री की नीति, नीयत व नेतृत्व पर प्रदेश की जनता ने मुहर लगाकर तीसरी बार दिया ऐतिहासिक जनादेश

मुख्यमंत्री बोले- प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में हरियाणा पूर्ण सहभागिता निभाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।






हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना मानते हैं, अपना समझते हैं और उनसे हक से अपनी बात कहते हैं। प्रधानमंत्री के प्रति जनता में अटूट विश्वास और गहरे जुड़ाव की भावना है। इसीलिए प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री की नीति, नीयत और नेतृत्व पर पूर्ण जनसमर्थन की मुहर लगाकर तीसरी बार ऐतिहासिक जनादेश दिया। प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में हरियाणा पूर्ण सहभागिता निभाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस संकल्प सिद्धि में हरियाणा देश के साथ कदम से कदम और कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा और विकसित भारत के मानचित्र पर विकसित हरियाणा की भी तस्वीर होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उक्त शब्द कैल में आयोजित विकसित भारत विकसित हरियाणा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकास परियोजनाओं का उद्घघाटन एवं शिलान्यास करने दौरान कहे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की ओर से मां सरस्वती की गोद में बसी पावन नगरी यमुनानगर में आने पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

उन्होंने भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि आज हम सभी हरियाणा वासियों के लिए बहुत बड़ा और शुभ दिन है। आज किसानों और मजदूरों के मसीहा दीनबंधु सर चौधरी छोटूराम के नाम पर स्थापित थर्मल पावर प्लांट में 800 मेगावाट की अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल यूनिट की आधारशिला प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई है। साथ ही यमुनानगर जगाधरी नगर निगम



क्षेत्र में गोबरधन संयंत्र की आधारशिला भी रखी गई है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने रेवाड़ी बाईपास परियोजना का भी उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के गोबरधन मिशन के तहत गोबरकृधन संयंत्र एक अहम प्रयास है। यह एक मिसाल भी है कि हम आधुनिक युग में भी अपने परंपरागत ज्ञान और कौशल का प्रयोग करते हुए विकास के मार्ग पर आगे कैसे बढ़ सकते हैं। यह परियोजना न केवल एक तकनीकी उपलब्धि होगी। बल्कि भविष्य की ओर बढ़ाया गया एक हरितए टिकाऊ और स्वच्छ कदम भी होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यमुनानगर की धरती वह धरा है जहां की माटी से लकड़ी और बर्तन के लघु उद्योगों से लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। आज आपके आगमन से यह शहर विकास के स्वर्णिम युग में कदम रख रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और प्रेरणा से पिछले 10 सालों में हरियाणा ने विकास के हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और अपना परचम लहराया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा डबल इंजन सरकार के साथ आगे बढ़ रहा था। लेकिन अब हरियाणा की जनता के आशीर्वाद और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार है।

### समारोह में ये रहे मौजूद

समारोह में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुज्जर, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार और श्याम सिंह राणा व सांसद नवीन जिंदल आदि मौजूद रहे।



### यमुनानगर देश के औद्योगिक नक्शे का अहम हिस्साः पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर यमुनानगर के कैल गांव में आयोजित विकसित भारत विकसित हरियाणा समारोह में कहा कि यमुनानगर सिर्फ एक शहर नहीं है। बल्कि यह भारत के औद्योगिक नक्शे का भी अहम हिस्सा है। प्लाइवुड उद्योग से लेकर पीतल और स्टील के बर्तन तक यह पूरा क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर के साथ उनकी अनेक पुरानी यादें जुड़ी हैं। हरियाणा के किसानों की मेहनत हर भारतीय की थाली में नजर आती है।

## डॉ.अंबेडकर ने वंचितों के लिए लड़ी लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भारतीय दलित साहित्य अकादमी की ओर से सोमवार को रादौर में संविधान निर्माता डॉ.बीआर अंबेडकर की जयंती मनाई गई। अकादमी के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह पिंकी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में खरखोदा विधायक पवन खरखोदा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए तथा डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं पूर्व कमाडेट एसएसपी कंवर साहिब वशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विधायक पवन खरखोदा ने कहा कि डॉ.बीआर अंबेडकर ने समाज में



वंचितों को उनका हक दिलवाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है। जिससे समाज में दलितों को उनका हक मिल सका है। सामाजिक असमानता को दूर करने तथा वंचित वर्गों को सामाजिक न्याय दिलाने में बाबा साहेब का बहुत योगदान है। भारत का संविधान पूरी दुनिया में सबसे बेहतरीन संविधान है, जो अंबेडकर जी की बदौलत ही हमें प्राप्त हुआ है। मौके पर रणबीर सिंह, डॉ.रामशरण, कुलदीप, हिशम सिंह, सत्यदेव ढांडा, सचिन राणा, राधे, सूरज, मेहर सैनी, महाबीर, लवली गुप्ता व सुरेश सैनी आदि मौजूद थे।

दूसरी ओर भाजपा की ओर से गांव मंधार में वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सतपाल कांबोज के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान ग्रामीणों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। मास्टर सतपाल कांबोज ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आम आदमी पार्टी ने भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर शहर के वार्ड नंबर 11 में कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस दौरान आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में आप के यमुनानगर विधानसभा सीट पर प्रत्याशी रहे एवं वरिष्ठ नेता ललित त्यागी ने भाग लिया।



मुख्यातिथि एवं आप के वरिष्ठ नेता ललित त्यागी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान में सभी वर्गों , समुदायों और नागरिकों को समानता के अधिकार दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवा वर्ग को डॉ. भीम राव अंबेडकर के जीवन चरित्र को पढ़ना चाहिए। बाबा साहेब ने कैसे एक साधारण परिवार में जन्म लेकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए भारतीय संविधान का निर्माण किया और लोगों को नई दिशा दी। त्यागी ने कहा आज देश का जो हाल है वो सबके सामने है। भाजपा द्वारा देश को जातियों व धर्मों में बांटने का काम किया जा रहा है। यही नहीं भाजपा द्वारा ऐसा करके देश के युवा वर्ग को भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश में आराजकता का माहौल है।

## बहुत बड़े समाज सुधारक थे बाबा साहेब : धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गुरु रविदास कमेटी की ओर से सोमवार को गांव ऊंचा चांदना में बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर का 135वां जन्मदिवस मनाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने केक काटकर व लड्डू बाँटकर खुशियां मनाई।

मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव परमजीत धीमान को कमेटी वालों ने पग पहनाकर सम्मानित किया। परमजीत धीमान ने बाबा जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर शीश झुकाया और उनकी मूर्ति का माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1991 को महाराष्ट के रतन गिरी जिले में हुआ था। बाबा साहब ने अर्थशास्त्र के साथ-साथ कानून की पढ़ाई भी की। वह एक बहुत बड़े समाज सुधारक थे। बाबा साहब ने हमें एक ऐसा पवित्र ग्रंथ संविधान के रूप में दिया है। उन्होंने कहा कि आज हमें बाबा साहब की जयंती पर उनकी शिक्षाओं पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

मौके पर नंबरदार कृष्ण लाल, प्रधान शीशपाल, संजीव कुमार, रामधारी, सिंधु भाटिया, रिंकू अरोड़ा, मंत्री सोमनाथ, रवि मथानिया, अंकुर, गुरनाम सिंह आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। गांव ऊंचा चांदना में बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर को नमन करते मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

### नागरिकों की सुख समृद्धि की कामना को लेकर क्षेत्रपाल मंदिर में आयोजित किया हवन व भंडारा



**रादौर।** नपा रादौर के नवनिर्वाचित चैयरमैन रजनीश मेहता शालु ने कस्बा के नागरिकों की सुख शांति व स्मृद्धि की कामना को लेकर क्षेत्रपाल मंदिर में हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में गणमान्य लोगों ने आहुतियां अर्पित कर लोगों के लिए मंगलकामना की। चेयरमैन रजनीश मेहता शालु ने बताया कि हवन यज्ञ में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, नेपाल राणा, ईश मेहता, पूर्ण आहुजा, रमेश मेहता, प्रदीप मिढा, महेंद्र सिंह नंबरदार व पुष्पेंद्र गुज्जर समेत सैंकड़ो गणमान्य से आहुतियां अर्पित कर सभी के लिए सुख शांति की मंगलकामना की। उन्होंने बताया कि हवन यज्ञ में पंडितों द्वारा आहुतियां अर्पित करवाई गई। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण

## क्षतिग्रस्त ससौली मार्ग से लोग परेशान, हो रहे हादसे



यमुनानगर । ससौली मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं यमुनानगर विधानसभा सीट पर पार्टी के प्रत्याशी रहे रमन त्यागी ने कहा कि पिछले लंबे समय से शहर के आईटीआई चौक से सौसली से होते हुए नेशनल हाईवे मार्ग की हालत दयनीय बनी है। मार्ग पर जगह जगह गढ्डे बने हुए हैं। जिससे क्षेत्र के लोग परेशान हैं। उन्होंने सोमवार को ससौली मार्ग निवासियों द्वारा आयोजित बैठक में सरकार से ससौली मार्ग का तुरंत सुधारीकरण किए जाने की मांग की। कांग्रेक के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि ससौली मार्ग शहर का सबसे व्यस्तम मार्ग है।

इस मांर्ग पर आवगमन इतना अधिक है कि रोजाना हजारों वाहनों का आवागमन होता है। क्योंकि यह मार्ग आईटीआई से शुरु होकर ससौली से होता हुआ नेशनल हाईवे को मिलता है। यह मार्ग शहर को हाईवे से जोड़ता है। मगर यह मार्ग पिछले लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है। इस मार्ग की हालत इतनी दयनीय हो चुकी है कि आए दिन हादसा होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पहले भी कांग्रेस और क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शन किया गया था। मगर समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने सरकार व प्रशासन से एक सप्ताह के भीतर मार्ग का दुरस्तीकरण किए जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने मार्ग के ठीक नहीं होने पर प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी।

### ये रहे मौजूद

मौके पर उन्होंने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं भी सुनी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सेवा सिंह, विक्रांत, डॉ. छोटे लाल आदि मौजूद रहे।

कथाव्यास रामदास महाराज ने साध संगत को प्रवचनों से किया निहाल

## भक्त, भक्ति और भगवान के बीच गहरा संबंध: महाराज

■ जनकल्याण सेवा मंडल समिति द्वारा घाढ़ क्षेत्र के शिव मंदिर में आयोजित की जा रही है श्रीमद्भागवत कथा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जनकल्याण सेवा मंडल समिति द्वारा घाढ़ क्षेत्र के शिव मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कथाव्यास रामदास महाराज ने भक्त, भक्ति और भगवान के महत्व को समझाया। मौके पर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। कथाव्यास रामदास महाराज ने फरमाया कि भगवान अपने भक्तों की प्रशंसा सुनकर उसी प्रकार प्रसन्न होते हैं, जिस प्रकार माता-पिता अपने बच्चों की प्रशंसा सुनकर खुश हो जाती है।

उन्होंने कहा कि कलयुग में भक्ति प्रधान है। इसलिए भक्त, भक्ति और भगवान के बीच का संबंध बहुत गहरा है। यही वजह है कि जो श्रीमद्भागवत कथा का वाचन, श्रवण व मनन करता है उनके हृदय में भगवान का वास हो जाता है। कलयुग के जीवों के लिए संतों ने फरमाया कि यदि भगवान के भक्त का नाम भी लिया जाए तो प्रभु की कृपा प्राप्त हो जाती है। भगवान के दास की चर्चा सममुच हमारे हृदय की मलीनता को और पापों की जमी हुई काई को स्वच्छ करने में बहुत बड़ा योगदान देती है। महाराज कहते हैं कि सत्य ही साक्षात नारायण हैं। यदि सत्य को हम दृड़ता से पकड़ लें तो कितना अच्छा काम चल सकता है।

महाराज कहते हैं कि यदि पाप नहीं छोड़ सकते तो भगवान का भजन क्यों छोड़ा। हम किसी भी स्थिति में रहें कभी भी भजन को नहीं छोड़ना चाहिए। यदि मनुष्य का कभी अनजाने में भी साधु का संग हो जाता है तो उसका पुण्य जीवन में निश्चित रूप से मिलता है। इसलिए हमें भगवान से उनकी कृपा और संग बने रहने की प्रार्थना करनी चाहिए। कथाव्यास रामदास महाराज ने कहा कि कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करके मानव भवसागर से पार हो जाता है। हमें निरंतर प्रभु भक्ति करके अपने जीवन को सुधारना चाहिए। इस अवसर पर भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया और कथा समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।



यमुनानगर। घाढ़ क्षेत्र में चल रही कथा के समापन पर कथा श्रवण करते श्रद्धालु।

**खबर संक्षेप**



### जीवन प्रणेता हैं बाबा साहेब : हरिओम दास

कुरुक्षेत्र। ब्रह्मा कॉलोनी स्थित श्री शिव शक्ति आश्रम एवं वात्सल्य वाटिका में सोमवार को डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें डॉ.पी.सी. मंगल मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ.अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात आश्रम संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक और मुख्य वक्ता डॉ.पी.सी.मंगल ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और उनके द्वारा किए गए समाज सुधार कार्यों का उल्लेख किया गया।

### पीएम का दौरा विकास यात्रा को रहेगा समर्पित : सुधा



कुरुक्षेत्र। पूर्व राज्य सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंबेडकर जयंती के अवसर पर हरियाणा का दौरा विकास यात्रा को समर्पित रहेगा। जहां वे राज्य को कई अहम विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश का तीन गुणा रफ्तार के साथ विकास करवाया जा रहा है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा रविवार को यमुनानगर में आयोजित रैली में रवाना होने से पहले कार्यकतार्ओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने हजारों कार्यकर्ताओं के काफिले को झंड़ी दिखाकर रैली के लिए रवाना किया।

## बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जंयती पर जिलेभर में कार्यक्रमों का आयोजन, अर्पित की श्रद्धांजलि

# डॉ. बीआर अंबेडकर 20वीं शताब्दी के श्रेष्ठ चिंतक : सचदेवा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जंयती पर जिला भर में कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रांगण में स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर सोमवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर उन्होंने सभी को अम्बेडकर जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. अमित लूदरी, प्रो. दलीप कुमार, प्रो. सुशीला चौहान, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. जोगिन्द्र सिंह, डॉ. महावीर रंगा, डॉ. रमेश सिरोही, प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. विवेक चावला, प्रो. कुसुम लता, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. अमित, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. सलोनी दिवान, डॉ. प्रीतम सिंह, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. नीरज बातिश, डॉ. हरविन्दर सिंह लोंगोवाल सहित शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद थे।



### वाल्मीकि अंबेडकर शिक्षा मिशन ने निकाली मोटरसाइकिल रैली

कुरुक्षेत्र। वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा मिशन हरियाणा की शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा एक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। मोटरसाइकिल रैली को मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. बल ऋषि द्वारा झंडी दिखाकर कर रवाना किया गया। रैली को रवाना करने से पहले उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब को सिर्फ दलित वर्ग का मसीहा कहे जाने तक सीमित रखना गलत है, उनके योगदान का देश सदैव ऋणी रहेगा, उनके द्वारा मजदूरों, महिलाओं तथा अन्य शोषित वंचित वर्ग के लिए भी संविधान में बिना किसी भेदभाव के प्रावधान किए गए है। उन्होंने रिजर्व बैंक, केंद्रीय जल आयोग, योजना आयोग आदि के स्थापना में भी प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से अहम रोल निभाया। रैली कार्यक्रम की अध्यक्षता वाल्मीकि शिक्षा मिशन हरियाणा के महासचिव सुभाष पारचा द्वारा की गई। इस शुभ अवसर पर प्रोफेसर डॉ. राम जुवारी, प्रोफेसर जितेंद्र टांक व एडवोकेट विक्की मचल, रिटायर सूबेदार सुरेश फौजी , कैप्टन राजपाल,राजेश पुहाल, मास्टर अनिल बिडलान यूनिवर्सिटी छात्र नेता भाई मंगेश, साहिल बढ़ सीकरी, हितेश कागड़ा, आशु, होस्टल मैस वर्कर यूनियन के कोषाध्यक्ष अमन कुमार दुग्गल,रोबी राणा, भारत लाल अनिरुद्ध पाल,कर्मचारी रॉबी व अन्य मेस कर्मचारी मौजूद रहे।



### बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के वचनों पर अमल करने के लिए प्रेरित किया

कुरुक्षेत्र। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ कुरुक्षेत्र की समस्त कार्यकारिणी ने जिला प्रधान अमर सिंह व पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सरोहा के नेतृत्व में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा नजदीक श्रीगुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला कुरुक्षेत्र पर पहुंचकर डॉ बी आर अंबेडकर जयंती के मौके पर प्रतिमा को माल्यार्पण किया और सभी साथियों को बाबा साहब के जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला संरक्षक रमेश थाना ने मौजूद साथियों को बाबा साहब के वचनों पर अमल करने के लिए प्रेरित किया और उनके विचारों को प्रचार प्रसार करने की अपील की। राज्य कार्यकारिणी सदस्य रमेश रंगा ने बाबा साहब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि हर एक साथी को बाबा साहब के पद चिन्ह पर चलकर एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण में सहयोग करना चाहिए। जिला महासचिव रामेश्वर लाल ने सभी साथियों को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की अपील इस मौके पर पूर्व डिप्टी डीईओ राजकुमार तुषार जी आरपीएसएस जिला प्रधान राजेंद्र टंडन, थानेसर प्रधान मनोज मेहरा, लाडवा प्रधान राजकुमार नरवाल, बाबैन प्रधान बिंटू राम, शाहाबाद प्रधान राजकुमार कठवा,पिहोवा प्रधान दर्शन लाल, डॉ देश राज, राम कुमार प्रिंसिपल, प्रधान हरियाणा अनुसूचित जाति ऑफिसर्स एंड इम्लाइज एसोसिएशन, मुख्य सलाहकार भगत सिंह, सुधीर ढांडा, राजेश नरवाल, अनिल चौधरी, थानेसर खंड सचिव राजेंद्र रामगढ़, राजेंद्र बर्मन, नरेंद्र कलसाना, राज कुमार, संजीव ज्योतिसर एवं राज्य प्रेस सचिव नरेश फूले मौजूद रहे।



### हमें भीमराव अंबेडकर के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए : कृष्ण बजाज

कुरुक्षेत्र। आम आदमी पार्टी कुरुक्षेत्र ने श्री साईं धर्मशाला गांधी नगर में भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती जिला अध्यक्ष डॉ विशाल खुब्बड़ की अध्यक्षता में कार्यकतार्ओं संग मनाई। पार्टी के प्रदेश सचिव कृष्ण बजाज ने कहा कि यह दिन हमें उस महान विभूति के असाधारण जीवन और उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान की याद दिलाता है। डॉ. अम्बेडकर एक न्यायविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री बने। हमें बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने और उनके सपनों का भारत बनाने की दिशा में प्रयास करने का संकल्प लेना चाहिए। विशाल खुब्बड़ ने कहा कि बाबा साहब की जयंती पर हम उनके आदर्शों को अपनाने और एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लेते हैं जो सामाजिक सद्भाव और समानता की भावना का प्रतीक हो। इस मौके पर सुमित हिन्दुस्तानी, नबी वाल्मीकि, वेद प्रकाश सैनी, दीपक कुमार, अक्षर सिंह, सतीश कुमार, बंटी राजपूत, विपीन धीमान, पाला राम प्रधान, संतोष जैन आदि मौजूद रहे।

### बाबा साहब का जीवन संघर्ष और न्याय की मिसाल : अंकित गुप्ता



कुरुक्षेत्र। ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा, बाबा साहब का जीवन संघर्ष, ज्ञान और न्याय की मिसाल है। उन्होंने हमें जो संविधान दिया, वह आज भी हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। एडवोकेट गुप्ता ने यह भी कहा कि युवाओं को बाबा साहब के विचारों को पढ़ना चाहिए, ताकि वे संविधान और उसके मूल्यों की महत्ता को समझ सकें और देशहित में कार्य कर सकें।

### संविधान की बदौलत आज हर भारतीय को बराबर का अधिकार : अशोक अरोड़ा



कुरुक्षेत्र। डा. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते विधायक अशोक अरोड़ा व अन्य।

कुरुक्षेत्र। थानेसर के विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अशोक अरोड़ा ने कहा है कि बाबा साहब डा. भीम राव अंबेडकर ने उस समय भारत को संविधान दिया था जब देश विभिन्न जातियों, धर्मों, भाषाओं व रियासतों में बंटा हुआ था। संविधान ने सभी भारतीयों को बराबर का अधिकार देते हुए वोट का अधिकार दिया। ऐसी महान शख्सियत को आज पूरा देश नमन कर रहा है। वे डा. बीआर अंबेडकर जयंती पर अंबेडकर चौक पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इस दौरान सभी कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने संविधान को बचाने की शपथ भी ली। इसके बाद अशोक अरोड़ा व अन्य कार्यकर्ता श्री गुरु रविदास सभा मे गए, जहां बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष मे आयोजित कार्यक्रम मे भाग लिया व गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर माथा टेककर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर उनके साथ पार्षद मनु जैन, पार्षद नरेंद्र चौहान, पार्षद राजेंद्र सैनी, पार्षद प्रिंस, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, सुभाष पाली, विक्की मैहता, विशाल सिंगला, पूर्व पार्षद ओपी, सरपंच रणबीर बूरा, रविदास सभा के प्रधान सुरजभान नरवाल, जिप सदस्य प्रतिनिधि सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा, मुल्खराज अरोड़ा, सुनीता नेहरा, पवन चौधरी, दीनानाथ अरोड़ा, पूर्व पार्षद महेंद्र पाल, गौरव शर्मा गौरी, वीना रंगा, नीलम बडोंदा, विरेंद्र रोहिला, सुनील राणा, विवेक भारद्वाज सहित सैंकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गेहूं खरीद के मामले में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी : नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

- राज्य मंत्री सुभाष सुधा के साथ अनाज मंडी लाडवा में गेहूं खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा

खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मंत्री राजेश नागर ने कहा कि अनाज मंडी में गेहूं खरीद के मामले में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। किसानों की गेहूं मंडी में आने के बाद तय समय पर सरकार द्वारा निर्धारित भाव पर खरीद हो जानी चाहिए। इतना ही नहीं 48 घंटे के भीतर उनके खातों में गेहूं का भुगतान भी करना सुनिश्चित करें। सरकार के पास अनाज मंडी से किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मंत्री राजेश नगर सोमवार को पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा के साथ अनाज मंडी लाडवा में गेहूं खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे। उन्होंने



लाडवा। खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लेते खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मंत्री राजेश नागर व साथ में पूर्व मंत्री सुभाष सुधा।

अनाज मंडी लाडवा में गेहूं खरीद एवं उठान संबंधित सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही आढ़तियों और किसानों से बातचीत करते हुए उठान व गेहूं खरीद से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने मंडी में पहुंचते ही सबसे पहले गेट पास की व्यवस्था का जायजा लिया तथा मौजूद कर्मचारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत फसल खरीद का जायजा लिया।



### उदयन शालिनी फेलोशिप ने लगाया नि:शुल्क शिविर

थानेसर। उदयन केयर सेंटर, उदयन शालिनी फेलोशिप कुरुक्षेत्र व डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय जोगना खेड़ा में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। यह शिविर उदयन शालिनी फेलोशिप की चेप्टर कन्वीनर डॉ. सुषमा शर्मा के प्रयासों से संभव हो हुआ। शिविर के दौरान जांच टीम में डॉ. हिमांशु जैन न्यूरो सर्जन, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. संजय शर्मा, अंजू, रिया, फार्मासिस्ट हेमचंद और तीन अन्य सहायक सदस्य शामिल रहे। शिविर की शुरूआत गांव की सरपंच सुमन देवी और संजीव ने अतिथियों के स्वागत के साथ की। डॉ. सुषमा शर्मा, कनवीनर उदयन सेंटर कुरुक्षेत्र व एपीसी पूजा देवी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। उन्होंने भी एक पौधा भेंट कर सरपंच को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त डॉ. सुषमा शर्मा ने चिकित्सक टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिविर में 114 बच्चो, बुजुर्गो और महिलाओं का नि:शुल्क चिकित्सीय परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक दवाएं मुफ्त में दी गईं। गीतांजलि कंप्यूटर ट्रेनर ने सभी को सेंटर में चलने वाले कंप्यूटर कोर्सेज के पैंफलेट वितरित किए।

# बेमौसमी बारिश व सरकार की लापरवाही से हजारों क्विंटल गेहूं खराब : बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- सरकार नमी की मात्रा 12 से बढ़ा कर करें 16 प्रतिशत

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग दास गर्ग ने अनाज मंडी में व्यापारियों की मीटिंग लेने के उपरांत पत्रकार वार्ता में कहा कि बेमौसमी बारिश व सरकार की लापरवाही के कारण किसान की हजारों क्विंटल गेंहू खराब हो गई है। मौसम खराब होने के कारण सुखी बढ़यि गेंहू में भी 15 से 17 प्रतिशत तक नमी आ रही है। सरकार को नमी की मात्रा 12 प्रतिशत से बढ़ा कर 16 प्रतिशत करनी चाहिए। मुख्यमंत्री का गेंहू व सरसों खरीद, उठान व भुगतान 48 घंटे करने के सभी दावे फेल सिद्ध हुए है, जबकि किसान अपनी सरसों बेचने के लिए 20-20 दिन तक मण्डियों में धक्के खाता रहा है। सरकार



कुरुक्षेत्र। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग पत्रकार वार्ता करते हुए।

सरसों की खरीद तो समय पर कर नही पाई है, भुगतान कहां से करेगी। गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने वायदे के अनुसार गेंहू व सरसों की खरीद, उठान व भुगतान के लिए पुख्ता प्रबंध करें। सरकारी अधिकारी व ठेकेदार की लापरवाही के कारण गेंहू उठान में देरी होने के कारण गेंहू के वजन में कई बार कमी आ जाती है। सरकार को इसका पैसा आढ़तियों का काटने की बजाए, उसकी रिकवरी सरकारी अधिकारी व ठेकेदार से करनी चाहिए।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि की अर्पित

कुरुक्षेत्र। बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर जन संघर्ष मंच हरियाणा की ओर से गांधी नगर, कीर्ति नगर कुरुक्षेत्र में सभा व प्रदर्शन किया गया। मंच की प्रांतीय महासचिव सुदेश कुमारी, वरिष्ठ नेता चन्द्र रेखा, ऊषा कुमारी ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को अपनी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डा. भीमराव अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था। उन्होंने लंदन, अमेरिका जाकर उच्च स्तरीय पढ़ाई की। अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र व कानून में जितनी डिग्रियां बाबा साहेब के पास थी, उतनी उस वक्त भारत में किसी भी राजनेता के पास नहीं थी। इसके बावजूद उन्होंने अपने जीवन में छूआछूत व वर्ण व्यवस्था का भारी दंश झेला। मंच महासचिव सुदेश कुमारी व मंच नेता चन्द्ररेखा ने कहा कि मोदी सरकार अपने गवर्नरों के माध्यम से विपक्षी पार्टियों से शासित राज्यों में मनमानी तानाशाही करके संविधान को दत्ता बता रही है, असंवैधानिक कानून थौप रही है।



# गुरु गोबिंद सिंह के उपदेशों से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

खालसा सिरजना दिवस पर गुरुद्वारा 6वी पातशाही के हुजूरी रागी जत्थे दूसरा संगतों को गुरबानी कीर्तन और कथा विचार से खालसा सिरजना दिवस और खंडे बाटे की पवित्र पोल खालसा के स्वरूप के बारे में गुरु गोबिंद सिंह जी उपदेशों से अवगत करवाया गया। सरदार तेजेंद्र सिंह मक्कड़ ने बताया कि बाबाजी के डेरे साहिब की स्थापना सन 200 को बैसाखी वाले दिन संत बाबा करतार सिंह की प्रेरणा और आशीर्वाद से संत बाबा राजेंद्र सिंह और स्वामी हरिओम दास पारिवार्जिक ने डेरे साहिब की स्थापना गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश कर धुर की बानी के जाप से की।



बाबा राजेंद्र सिंह और स्वामी हरिओम दास की सेवा भाव सदका गरीब बच्चों की पढ़ाई लिखाई फ्री करवाई जाती है और जरूरत मंद बच्चों की हर संभव सहायता की जाती है।

### संगीतमयी कार्यक्रम में गीत पर थिरके संगीतप्रेमी

कुरुक्षेत्र। गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा पिपली रोड़ स्तिथ एक होटल में रविवार सायं संगीतमयी कार्यक्रम /"तू चीज बड़ी है मस्त मस्त/" आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रमुख बलजीत चावला ने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां शाकंभरी देवी सेवक मण्डल के अध्यक्ष अशोक शर्मा बाली,एक टूर एंड ट्रैवल कंपनी के सी ई ओ गगनदीप ढींगरा और सेक्टर 5 अग्रवाल सभा के प्रधान सचिन गुप्ता एडवोकेट ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया। /"गाता रहे मेरा दिल/" ग्रुप इंचार्ज सुनील भटनागर द्वारा सरस्वती वंदना से विधिवत शुरू हुए इस कार्यक्रम में 12 गायकों ने मस्ती भरे फिल्मी गीत सुनाकर समां बांधा। मंच का संचालन संरक्षक जितेंद्र बंसल और वरिष्ठ पदाधिकारी गुलशन ग्रोवर के मार्गदर्शन में प्रसिद्ध एंकर डॉ.शालिनी शर्मा ने शब्दों को बहुत ही खूबसूरती से पिरोकर किया।



# भारतीय योग संस्थान ने कार्यकर्ताओं को करवाई शंख प्रक्षालन क्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय योग संस्थान, कुरुक्षेत्र जिला इकाई द्वारा साधकों को शंख प्रक्षालन क्रिया करवाई गई। संस्थान के योगाश्रम मिजार्पुर में आयोजित कार्यक्रम में 106 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर द्वारा शंख प्रक्षालन क्रिया के निषेध, सावधानियां, लाभ व विधि बताकर यह क्रिया करवाई गई। प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने शंख प्रक्षालन के पश्चात सभी को 30 मिनट का शवासन करवाया। अर्जुन जिला प्रधान मनीराम सैनी, मंत्री सतपाल सिंह, जोन प्रधान भीमराज सैनी, रामचंद्र सरपंच, चानन सिंह, जय



कुरुक्षेत्र। योगाश्रम मिजार्पुर में शंख प्रक्षालन क्रिया के लिए योगासन करते भारतीय योग संस्थान के कार्यकर्ता।

भगवान इत्यादि, भीष्म जिला प्रधान सीमा सांगवान, उप प्रधान जगबीर सांगवान, मंत्री हरि कृष्ण भारद्वाज, जसवंत सिंह, कृष्ण जिला प्रधान देवी दयाल सैनी, जोन प्रधान मिथिलेश चौधरी, मांगेराम, सतीश गाबा इत्यादि, युधिष्ठिर जिला से डॉ राजवीर, शकुंतला इत्यादि, ब्रह्म सरोवर जिला से सेवा सिंह, सौरभ मोदी इत्यादि, पानीपत पूर्वी जिला से प्रधान हवा सिंह व मंत्री दीपक सचदेवा के नेतृत्व में 10 साधक, श्री गुरु तेग बहादुर जिला पानीपत से लाड़वा व रादौर से कुल 17 साधक व करनाल से दो साधकों सहित 106 से अधिक साधक उपस्थित थे।

**व्यापार** दामों में 50 रुपये की बढ़ोत्तरी, किसानों के खिले चहरे

मिट्टी से बने घड़े पानी में से शुद्धियों को करते दूर

# गर्मियों में मटकों की बढ़ी डिमांड, बाजार में अलग-अलग डिजाइनों में हैं उपलब्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मिट्टी के बर्तनों का कारोबार गर्मी की दस्तक से पहले शुरू हो जाता है। इस बार तो मिट्टी के मटके और घड़े के दाम में करीब 50 रुपये तक की तेजी आई और जो घड़ा पहले 300 रुपये में मिलता था, वही इस बार 350 रुपये तक मे बिक रहा है। मिट्टी से बने बर्तनों के कारोबार में उछाल देख कुम्हारों के चेहरे एकबार फिर खिल उठे हैं। आधुनिकता के युग में एक और जहां पानी को ठंडा करने के लिए कई स्त्रोत हैं तो मिट्टी के बने मटके सबसे अव्वल अपना स्थान रखते हैं क्योंकि मिट्टी के बर्तन में पानी रखने से पानी ठंडा और स्वास्थ्य वर्धक होता है। मिट्टी के मटकों में छोटे छोटे छिद्र होते हैं, जिनमें से पानी का रिसाव होता रहता है और हवा के संपर्क में आने से पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा होता है। मिट्टी के बर्तनों के अलावा रेफ्रिजरेटर में पानी ठंडा किया जाता है, लेकिन आयुर्वेद के अनुसार मिट्टी के मटकों में रखा पानी ज्यादा लाभदायक होता है। प्राचीन काल से ही लोग मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग करते आ रहे हैं। मिट्टी से बने घड़े या मटके में मृदा के खास गुण होते हैं, जो पानी की अशुद्धियों को दूर करते हैं और लाभकारी खनिज प्रदान करते हैं। इसका पानी हमारे शरीर को विषैले तत्वों से मुक्त कर प्रतिरक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने में फायदेमंद साबित होता है। अच्छी सेहत के लिए मिट्टी के घड़े का पानी पीना फायदेमंद है।

### मिट्टी के कैंपर भी तैयार

मटकों का रेट उनके डिजाइन के हिसाब से भी रखा जाता है। डिजाइन के 8 लीटर वाले कैंपर 150 रुपये से शुरू हैं। सुराही 30 से 80 रुपये, कुल्हड़ 100 रुपये के आठ दर्जन हैं। इसके अलावा रंगीन और आकर्षक डिजाइन वाले मिट्टी के बर्तनों के दाम अलग-अलग हैं। मिट्टी से बने कैंपर भी पिछले दिनों से जैसे ही गर्मी बढ़ी है। इससे तापमान बढ़ने से इस सीजन में मटका 70 से 100 रुपये तक का बेच रहे हैं। वहीं मिट्टी के आकर्षक कैंपर भी तैयार किए जा रहे हैं।

## कहीं लड्डू बांटे गए तो कहीं स्लम एरिया में शिक्षा की अलख जगाने के लिए बांटी गई शिक्षा सामग्री

# बाबा साहेब की जयंती पर मना जश्न, लोगों ने नमन कर उनकी शिक्षाएं जीवन में धारण करने का लिया संकल्प



नारायणगढ़। बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

- सामाजिक, सियासी व शैक्षणिक संस्थाओं में आयोजित किए गए भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर सोमवार को पूरे जिले में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देकर उन्हें नमन किया गया। खासकर युवाओं ने बाबा साहेब की शिक्षाओं का अनुसरण करने का भी संकल्प लिया है। प्रशासन की ओर से भी कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## सही मायने में बाबा साहेब शोषित व गरीबों के मसीहा

- जिला बार एसोसिएशन में मनाई गई बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती, वकीलों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला बार एसोसिएशन में सोमवार को बाबा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील जरोरा ने की और मंच संचालन अरविंद गौड़ ने किया कार्यक्रम को सर्वप्रथम उपस्थित सभी वकीलों ने बाबा साहेब अंबेडकर को पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद बार के अध्यक्ष सतपाल सिंह ने उपस्थित सदस्यों को बाबा भीमराव अंबेडकर के जीवन को विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने बताया कि कैसे बाबा भीमराव अंबेडकर ने नीचे गरीबी से उठकर समाज में फैली विकृतियों को और दबे कुचले लोगों व महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किया। उन्होंने ही 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान की रचना की थी। तत्पश्चात पूर्व अध्यक्ष जबर चौधरी ने भी अपने भाषण में बताया की बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सही मायने में गरीबों के मसीहा थे जिन्होंने अपना सारा जीवन दबे को चले वर्ग को उंचा उठाने में लगा दिया। उन्होंने भारत को ऐसा नया आप संविधान बना कर दिया जिसकी तुलना विश्व में कहीं भी नहीं की जा सकती।

इसके पश्चात एडवोकेट रमन शर्मा, डॉक्टर हरि राम, दलजीत सिंह व सुरेश भोला ने बाबा साहब की जयंती पर अपने विचार प्रकट किए। तत्पश्चात कार्यक्रम की समाप्ति पर सुशील जरोरा ने सभी वकीलों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें बाबा भीमराव अंबेडकर के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए।



अंबाला। बाबा साहेब को नमन करते जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## बाबा साहेब ने जगाई शिक्षा-अधिकारों की अलख

नारायणगढ़। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को डॉ. भीम राव अंबेडकर चौक पर स्थित बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही प्रदेश एवं देशवासियों को उनकी जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह बड़ा ही खुशी का दिन है किइस पवित्र दिवस के अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश में आ रहे हैं। वे हिसार और यमुनानगर में 10000 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं शुभारंभ करेंगे। हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा से उड़ान का शुभारम्भ व नई टर्मिनल बिल्डिंग का शिलान्यास तथा यमुनानगर में दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट में 800 मेगावाट की नई इकाई का शिलान्यास व कम्प्रेस्ड बॉयोगैस प्लांट (सीबीसी) का शिलान्यास शामिल है। सैनी ने बाबा साहेब के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं बल्कि समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों की अलख जगाने वाले महान चिंतक और समाज सुधारक थे। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोडऩे के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होनें वंचितों/शोषितों की आवाज को उठाने उन्हें सक्षम बनाने का काम किया। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा ने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और देशवासियों को बधाई दी। मौके पर राकेश बिंदल, नपा सदस्य जश्न ढींगरा, संजीव संगरानी, आशु गुप्ता, शिव अग्रवाल, राजन गंभीर, बलदेव कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 52 युवाओं ने किया रक्तदान



मुलाना। रक्तदान करने वाले युवाओं को बैज लगाते आयोजक। फोटो: हरिभूमि

मुलाना। भगवान वालमीकि आश्रम सिरसगढ में भारत रत्न, संविधान निर्माता, सामाजिक समरसता के प्रतीक बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कोटि-कोटि नमन कर रक्तदान शिवर का आयोजन किया गया। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले बाबा साहेब ने हमें संविधान, समानता, स्वाभिमान और संवेदनशीलता का अमूल्य मार्ग दिखाया भगवान वाल्मीकि आश्रम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पूर्व विधायक पवन सैनी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की।रक्तदान के कई सारे लाभ भी होते हैं। समाज हित में हम सब का नैतिक दायित्व भी बनता है कि प्रत्येक व्यक्ति रक्तदान जैसे महान कार्य में अपना सहयोग दें। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष संदीप सैनी ने भी रक्तदान शिविर मे कहा कि हमे यह करने से आपका मुफ्त में रक्त का विश्लेषण भी हो जाता है। इस दौरान 52 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ। प्रधान सलिंद्र झाडूमाजरा, भूपेंद्र चहल, गोल्डी सैनी सरपंच रामनाथ सरपंच रिंकू सरपंच, नरेंद्र सरपंच, गुरनाम, डॉ. हरपाल, मुकेश, नरेश, सतीश, बलराम, शुभम, प्रवक्ता गौरव लोहट कर्मा व रोहित भी मौजूद रहे।



अंबाला। बाबा साहेब को नमन करती मेयर शैलजा सचदेवा व अन्य।

## बाबा साहेब की जयंती पर बांटे लड्डू

अंबाला। भगवान वाल्मीकि प्रबंधक कमेटी द्वारा वाल्मीकि नगर में डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर निगम अंबाला शहर की मेयर शैलजा सचदेवा व एडवोकेट संदीप सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने बाबा साहेब अंबेड़कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत माता के सच्चे सपूत को नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब एक भारतीय समाज सुधारक, संविधान निर्माता, और दलितों के अधिकारों के प्रबल समर्थक थे। ऐसे में बाबा भीमराव अंबेडकर साहब की जयंती पर उन्हें याद करना गौरव की बात है। इस अवसर पर वार्ड की निगम सदस्य मोनिका मल भी उपस्थित रही। भगवान वाल्मीकि प्रबंधक कमेटी के प्रधान ललित कुमार टांक ने आए हुए सभी गणमान्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को बाबा साहेब की जयंती की शुभकामनाएं दी तथा लड्डू बांटकर खुशी मनाई। इस अवसर पर राजीव खोड़ा, हर्ष कंडारा, अनुराग पम्मा, आरके.परवाना, दीपक कल्याण, सन्नी ढलौड़, निर्मल प्रकाश खोडा, विशाल कंडारा, अनिवाश सोनी, मनीष टांक, अशोक परवाना, संदीप अठवाल, गौतम परवाना, दलीप कंडारा, चमन लाल मचल, राजेश टांक, रवि गुगली, मंगत भगत, शंकर पम्मा, शैंकी, बंटी भी मौजूद रहे।



शहजादपुर। बाबा साहेब को नमन करते छात्र व शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

## बाबा साहेब के विचारों को जीवन में उतारें

शहजादपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भारांपुर में भारत रत्न, संविधान निर्माता, समाज सुधारक और युगद्रष्टा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को श्रद्धा, सम्मान और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थीयों में सामाजिक समरसता, संवैधानिक मूल्य और आत्मबल भरा। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ जिसमें संस्थान के समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच संचालन का दायित्व मीनाक्षी बाली ने पूरी गरिमा और ऊर्जा के साथ निभाया।

ड्रेस मेकिंग ट्रेड की छात्रा सिमरन और मशीनिस्ट ट्रेड के छात्र स्पर्श तथा प्रिंस ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष और उनके अद्वितीय योगदान को विद्यार्थीयों के सामने प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। अनुदेशक महेश चंद्र, अनुदेशक कुर्बान सिंह और करमजीत सैनी ने अपने प्रेरक वक्तव्यों में डॉ. अंबेडकर के सामाजिक आंदोलन, शिक्षा के प्रति समर्पण और भारतीय संविधान निर्माण की गाथा को विद्यार्थियों से साझा किया। प्रधानाचार्य विनोद सिंह शेखावत ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत में सामाजिक पुनर्जागरण की क्रांति का आरंभ किया था। उन्होंने जाति और वर्ग की दीवारें तोडक़र समानता की नींव रखी। अब भी हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम उनके विचारों को न केवल पढ़ें, बल्कि जीवन में उतारें। इस दौरान महेशचंद्र, राकेश कुमार, रमेश कुमार, सीमा रानी, अंजू बाला, सतीश कुमार, करमजीत, अभिलाष, संदीप कुमार, गौरव सैनी, अजीत और कुर्बान भी मौजूद रहे।

## बाबा साहेब हर वर्ग के लिए प्रेरणा स्त्रोत

बराड़ा। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेड़कर जी की जयंती पर सोमवार को कांग्रेस कार्यालय साहा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मुलाना विधायक पूजा की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीम राव अंबेड़कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक ने बाबा साहेब के बारे में बताते हुए कहा कि बाबा साहेब जी ने न सिर्फ देश के संविधान को बनाया बल्कि समरसता के उस भाव को भी आगे बढ़ाया जो भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।अंबेडकर जी ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने देश की अखंडता एवं एकता के लिए सतत प्रयास किया, उन्होंने ऐसे संविधान का निर्माण किया जिसमें से सभी वर्गों को समानता का भाव मिले। बाबा साहेब ने सभी वर्गों के लिए बेहतर कार्य किया। सच्चे अर्थों में देश के हर वर्ग के लिए आंबेडकर जी प्रेरणा स्त्रोत हैं।




बराड़ा। बाबा साहेब को नमन करते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि



अंबाला। रिसेप्शन पार्टी में डांस करते दुल्हा-दुल्हन। फोटो: हरिभूमि

## अपने ब्याह दे विच नचदा फिरे ओ मुंडा... पर खूब थिरके छोटे कद के दूल्हा-दुल्हन

- बिना दहेज के शादी कर समाज के सामने पेश की मिसाल

अंबाला। 25 वर्षीय नितिन वर्मा और 23 साल की आरुषि एक दूसरे के हो गए। दोनों ने बिना दहेज के शादी कर समाज के सामने एक नई मिसाल पेश की। खास बात यह है कि इस दंपती की लंबाई औसतन कम है। नितिन 3 फीट 8 इंच और आरुषि की 3 फीट 6 इंच की है। रविवार को अंबाला छावनी के निजी पैलेस में आयोजित रिसेप्शन पार्टी में दूल्हे व दुल्हनियां द्वारा पंजाबी गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। सोशल मीडिया पर इस दंपत्ति के ठुमकों को खूब पसंद किया जा रहा है। नितिन और आरुषि का जीवन उन लोगों के लिए प्रेरणा है जो अब भी दहेज, कद या शारीरिक बनावट को रिश्तों का पैमाना मानते हैं। अंबाला छावनी के मतिदास नगर के नितिन ने बताया कि उनके रिश्तेदार की नजर रोपड़ में आरुषि पर पड़ी थी। जब शादी का प्रस्ताव लेकर घर पहुंचे तो परिवार की आर्थिक स्थिति के बारे में पता लगा। बिना दहेज शादी का प्रस्ताव रखा तो यह बात आरुषि के परिवार को भी बहुत पसंद आई। इसके बाद दोनों ने सादगी से विवाह रचाया। रोपड़ की आरुषि चार भाई-बहनों में सबसे बड़ी है। आरुषि ने बीए तक पढ़ाई कर रखी है। नितिन ने बताया कि उनकी सोच थी कि रिश्ते भावनाओं से बनते हैं, पैसों से नहीं। इसी सोच के साथ उन्होंने बात आगे बढ़ाई। दोनों की शादी 6 अप्रैल को रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुई। इसके बाद अंबाला के मैरिज पैलेस में रिसेप्शन का आयोजन हुआ। उसमें नितिन और आरुषि ने पंजाबी गानों पर डांस किया।

## परिवारिक मिलन कार्यक्रम में नरेश मित्तल ने संभाला कार्यभार

- भारत विकास परिषद की नई कार्यकारिणी को दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के अग्रसेन चौक स्थित परिषद भवन में रविवार को आयोजित पारिवारिक मिलन कार्यक्रम में नरेश मित्तल ने वर्ष 2025-27 के लिए अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद क्षेत्रीय सयुंक्त सचिव उत्तर क्षेत्र 2 दीपक आनंद और वशिष्ठ अतिथि सुरिंदर गुप्ता ने अध्यक्ष, सचिव सीए रोहित गुप्ता और केशियर विनोद कुमार आर्य को पद की शपथ दिलवाई। क्षेत्रीय सयुंक्त सचिव दीपक आनंद ने बताया कि यह शाखा पूरे उत्तर क्षेत्र की सबसे पुरानी शाखा में से एक है। समाज सेवा के कार्यों में हमेशा ही बढ़ चढ़ कर भाग लेती है। वशिष्ठ अतिथि सुरिंदर गुप्ता ने परिषद के भवन निर्माण के लिए एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की।उन्होंने परिषद द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की।जब परिषद के पूर्व प्रधान डॉ. सौरभ गुप्ता ने पिछले वर्ष में किए गए सामाजिक कार्यों के बारे मे अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की तब सारा हॉल उपस्थित सदस्यों की तालियों से गूंज गया। पूर्व सचिव राजेश बंसल और कैशियर रोशन जैन ने सदस्यों के सहयोग के लिये उनका धन्यवाद किया। प्रधान नरेश मित्तल ने बताया कि परिषद का इस वर्ष का लक्ष्य न केवल मुफ्त मोतियाबिंद के ऑपरेशन कराना रहेगा बल्कि सदस्यों और जरूरमंद लोगों को मेडिकल सुविधाएं किफायती मूल्य पर उपलब्ध कराना रहेगा। साथ ही परिषद नसीरपुर मे अपना एक प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित करेंगी। परिषद के सचिव सीए रोहित गुप्ता ने बताया कि परिषद के अभी 87 सदस्य हैं। इनकी संख्या बढ़ाकर 100 करने का लक्ष्य रखा गया है। नए सदस्यों को शपथ भी दिलवाई गए। महिला प्रमुख मीनाक्षी शर्मा, रेनू वालिया और रेखा शर्मा ने बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि परिषद हर महीने सुंदर काण्ड के पाठ का आयोजन परिषद भवन मे करती रहेगी।




अंबाला। नए पदाधिकारी पदभार ग्रहण करते हुए। फोटो: हरिभूमि



अंबाला। शिक्षण सामग्री के साथ स्लम एरिया के बच्चे। फोटो: हरिभूमि

## स्लम एरिया में बांटी शिक्षण सामग्री

अंबाला। भगवान वाल्मीकि प्रबंधक कमेटी के नवनिर्वाचित प्रधान रविकांत की ओर से सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेड़कर के जन्मोत्सव पर मनमोहन नगर स्थित सलम एरिया में जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा सामग्री बांटी गई। बाबा साहब की जीवनी के बारे में बच्चों बताया गया कि बाबा साहेब अंबेड़कर ने समाज में अछूतों (दलितों) को शिक्षा, स्वतंत्रता, वोट, पानी पीने का अधिकार दिलवा कर बाबा साहेब ने समानता का अधिकार दिलवाया। हमें बाबा साहेब की कही बातों पर चलना चाहिए। बाबा साहेब का कहना था शिक्षित बनो, संगठित बनो तथा संघर्ष करो। इस मौके पर उप प्रधान मनीष कंडारा, सचिव इंदुबाला, रमन मचल, दीपक बिडलान, रामदास रांझा, संजय अठवाल, विक्की कागडा, दीपक कागड़ा, विजय बिडलान, राजिंद्र अठवाल व रविंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

## प्राइमरी स्कूल धनौरी व रामनगर में केवल तीन-तीन ही बच्चे

# प्राइमरी स्कूलों में घट रही छात्रों की संख्या,17 स्कूलों में 20 से भी कम बच्चे

- फोक्सा, सज्जनमाजरी जैसे कई कम छात्र संख्या वाले स्कूल विभाग के रडार पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

एक ओर शिक्षा विभाग प्रवेश उत्सव अभियान चलाकर शिक्षकों को स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने को कह रहा है तो वहीं ब्लॉक में ऐसे भी कई स्कूल है जहां पर छात्र संख्या 20 से भी कम है। ब्लॉक में कई स्कूल तो ऐसे है जहां पर केवल दो-चार बच्चे ही शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में इन कम विद्यार्थियों वाले स्कूलों को सरकार की ओर से बंद किया जा सकता है।

इन कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को चलाने के लिए सरकार को मोटी रकम खर्च करनी पड़ रही है। खंड के स्कूलों की बात करें तो यहां पर कुल 73 प्राइमरी स्कूल हैं। इनमें इस साल अभी तक कुल 2916 बच्चों ने ही दाखिला लिया है। पूरे ब्लॉक में अगर कक्षावार स्थिति की बात करें तो इस साल बालवाटिका 3 में केवल 177 बच्चों ने दाखिला लिया है। कक्षा पहली में छात्र संख्या 434 है।

दूसरी कक्षा में 411 बच्चे, तीसरी कक्षा में 387 बच्चे, चौथी कक्षा में 683 व पांचवीं में 824 बच्चों ने ही दाखिला लिया है। इन स्कूलों में कम नामांकन के कारण शिक्षा विभाग के अधिकारी भी चिंतित हैं। अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में ब्लॉक के दो दर्जन के करीब प्राइमरी स्कूल बंद हो जाएंगे। राजकीय प्राइमरी स्कूल रामनगर व धनौरी के स्कूल में केवल 3-3 बच्चे ही शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। राजकीय कन्या प्राथमिक स्कूल प्रेम नगर में केवल 9 बच्चे ही दाखिल है। ऐसे ही फोक्सा स्कूल में 6 बच्चे, सज्जनमाजरी के स्कूल में 8, बीबी फोक्सा में 6, मंगलपुर के स्कूल में 11 बच्चे, मुकंद माजरा में 12 बच्चे ही शिक्षा ले रहे हैं। रामनगर स्कूल के टीचर तर्षपाल ने बताया कि यह स्कूल डेरे में पड़ता है। यहां पर 18 घर ही है जिस कारण छात्र संख्या कम है।

पिछले साल भी इस स्कूल में तीन ही बच्चे दाखिल थे। तीन बच्चों को मिड डे मिल देने के लिए दो वर्कर भी कार्यरत हैं। इन स्कूलों में इतनी कम छात्र संख्या इस ओर इशारा करती है कि भविष्य में इन स्कूलों पर ताला लटक सकता है। इनके बच्चों को दूसरे स्कूलों में मर्ज किया जा सकता है। सज्जनमाजरी का स्कूल एक बार तो कम छात्र संख्या होने के कारण बंद हो चुका है लेकिन इस बार भी इस स्कूल की बात की जाए तो यहां पर अभी केवल 8 ही बच्चे पढ़ रहे हैं।

### कई स्कूलों में बच्चे अधिक टीचर कम

ब्लॉक में कई स्कूल तो ऐसे है जहां पर बच्चे की संख्या तो है लेकिन यहां पर टीचरों का टोटा है। ऐसे स्कूलों में गांव अधोई, सालेहपुर, धनौरा, सिरसगढ़, मॉडल संस्कृति स्कूल बराड़ा, जीजीपीएस उगाला, सुभरी, राजोखेड़ी, साल्हे, अलीपुर जैसे कई स्कूल हैं। इन स्कूलों में छात्र संख्या तो ठीक है लेकिन बच्चों को पढ़ाने वाले पूरे टीचर नहीं है। सिरसगढ़ प्राइमरी स्कूल की बात करें तो यहां पर 120 बच्चों पर केवल दो ही अध्यापक है। तो वहीं अधोई, उगाला, सुभरी, राजूखेड़ी के स्कूल में तो एक टीचर है। ऐसे में एक ही अध्यापक कैसे 6 कक्षाओं को पढ़ा रहा होगा यह सोचने की बात है।

*सरकारी स्कूलों में घटती छात्र संख्या वास्तव में चिंता का विषय है। रामनगर के स्कूल की बात करें तो यहां पर प्रेम नगर स्कूल पास में है इसलिए यहां पर छात्र संख्या कम है। सरकार ने हर गांव में एक स्कूल रखने का नियम बना रखा है कि हर गांव में एक स्कूल होगा चाहे इसमें छात्र संख्या कितनी भी हो। शिक्षक स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने पर लगे हुए हैं। सरकारी स्कूलों में फ्री एजूकेशन व अन्य सुविधाएं बच्चों को मिलती है। सरकारी स्कूलों में मिलने वाली इन सुविधाओं की जागरूकता का अभाव है। इसलिए भी छात्रों का इनरोलमेंट कम होता है।* -सुधीर कालड़ा, डीईईओ, अंबाला

### इन स्कूलों में है 20 से भी कम बच्चे

| संख्या | स्कूल का नाम | छात्रों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय अब्दुल्लागढ़ | 17 |
| 2. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय अलीपुर | 18 |
| 3. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय राम नगर | 3 |
| 4. | राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय प्रेम नगर | 9 |
| 5. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय राजोखेड़ी | 16 |
| 6. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय अकालगढ़ | 13 |
| 7. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय मंगलपुर | 11 |
| 8. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय धनौरी | 3 |
| 9. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय तंदवाली | 20 |
| 10. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय घेलड़ी | 19 |
| 11. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय मुकंद माजरा | 12 |
| 12. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय बाजीगर बस्ती बराड़ा | 17 |
| 13. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय सज्जनमाजरी | 8 |
| 14. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय नाहरा | 20 |
| 15. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय बीबी फोक्सा | 6 |
| 16. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय जमालमाजरा | 18 |
| 17. | राजकीय प्राथमिक विद्यालय अलियासपुर | 20 |

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005